हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 21 दिसंबर 2023

04 सत्ताधारी पार्षदों ने अपनी ही संस्था के कर्मचारियों...



05 अतिक्रमण के कारण नगर के मार्गों पर लोगों का...





## नगर परिषद को बावड़ी की मुंडेर ऊंची करने के दिए निर्देश

# मुंडेर तक भराव वाली बावड़ी का प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण, जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कोई घटना नहीं हो इसके लिए शासन द्वारा गत दिनों अनुपयोगी अथवा बगैर मुंडेर के कुएं, बावड़ी पर लोहे की जाली लगाकर उसे बंद करने के निर्देश जारी किए गए गए हैं। ऐसी ही एक बावड़ी नगर के मध्य स्थित है, जिसकी मुंडेर तक भराव हो जाने से यह खतरनाक हो गई है। जहां कभी भी हादसा हो सकता है। मामला संज्ञान में आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बावड़ी का निरीक्षण कर नगर परिषद को मुंडेर की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

गत दिनों कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने उच्चतम न्यायालय के पारित निर्णय के पालन में अनुपयोगी एवं खुले नलकूप (निजी एवं सार्वजनिक), बोरवेल, कुएं, कुईया, बावड़ी, बिना मुंडेर वाले कुएं में छोटे बच्चों एवं अन्य व्यक्तियों के गिरने की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जिसके अंतर्गत समस्त सार्वजनिक एवं निजी नलकूप, बोरवेल जिनका उपयोग नहीं किया जा रहा है या जिनमें मोटर नहीं लगी है, उन नलकूप अथवा बोरवेल पर संबंधित मकान मालिक,



कृषक, संस्था या समिति बोर केप लगवाए, समस्त निजी/सार्वजनिक अनुपयोगी खुले कुएं , कुईयाँ, बावडी, बिना मुंडेर वाले कुएँ आदि को लोहे की मजबूत जाली लगाकर बंद किया जाए तथा जाली लगाने के बाद उसकी मुंडेर इतनी ऊंची बनाई जाए कि बच्चे या कोई व्यक्ति उसमें गिर नहीं सके। जिले में स्थित ऐसे समस्त परंपरागत प्राचीन कुएं बावड़ियां जो कि लोगों द्वारा कब्जा कर गार्डर पट्टी या सीमेन्ट कांक्रीट से कवर्ड (बंद) कर दिया गया है, या जो खाली पड़े हैं उन्हें लोहे, की मजबूज जाली लगाकर बंद करें तथा उसकी ऊँची मुंडेर बनाई जाए।

इसी प्रकार की एक बावड़ी नगर के मध्य वार्ड क्रमांक 13 में स्थित है जोकि मठ वाली बावड़ी के नाम से जानी जाती है। इस बावड़ी का पुरातत्व महत्व भी है। बावड़ी के आसपास पूर्व में ऊंची ऊंची मुंडेर बनी हुई थी, लेकिन विगत कुछ वर्षों में उसके आसपास भराव कर देने से अब जमीन की सतह की ऊंचाई मुंडेर तक हो गई है। जिसके चलते यह अब बगैर मुंडेर जैसी लगती है। यहां बच्चे खेलते रहते हैं, साथ ही समीप ही एक मांगलिक भवन स्थित होने से वहां आयोजन होने की स्थिति में चौपहिया व दोपहिया वाहन भी इसी स्थान पर खड़े किए जाते है। बताया जाता है कि यह सार्वजनिक बावड़ी है जिसे प्रशासन द्वारा जाली लगाकर सुरक्षित किया जाना चाहिए।

### हादसे की आशंका सही पाई

इस मामले को लेकर समाचार प्रकाशन के बाद बुधवार को स्थानीय तहसीलदार प्रीति भिंसे, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय द्वारा सदल बल नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित मठ वाली बावड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बावड़ी की मुंडेर जमीन की सतह के बराबर होने से हादसे की आशंका सही पाई गई। तहसीलदार भिंसे द्वारा मौके पर ही नगर परिषद को बावड़ी की मुंडेर ऊंची करने व बावड़ी में लगे दरवाजे को भी बड़ा करने के निर्देश दिए गए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिले के पात्र हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में केंद्र शासन की योजना में लाभ दिलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने बुधवार को जिले की ग्राम पंचायत कसाई देहरिया, चिकली गोयल, जहांगीरपुरा, गुराडिया बडौद, बराई, गुराडिया सोयत पंचायतो में पहुंची, जहां जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्रता अनुसार लाभ लेने के लिए विभागों द्वारा आवेदन प्राप्त किए। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला ई गवर्नेंस मैनेजर के द्वारा आधार केन्द्र अपडेशन के लिए हर ग्राम पंचायत में कैंप लगाया जा रहा है ताकि जनता को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### यात्रा में इन योजनाओं को किया शामिल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण इलाकों के लिए प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड,



प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलिइजर शामिल हैं। साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल हैं। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जा रहा है।

## तहसीलदार ने चाइना डोर विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया



**आगर-मालवा।** कलेक्टर द्वारा आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान चाइना डोर के उपयोग से मनुष्य एवं पशु, पक्षियों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए चाइना डोर का विनिर्माण, विक्रय एवं उपयोग के संबंध में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन में बुधवार को तहसीलदार आलोक वर्मा द्वारा नगरीय क्षेत्रों में पतंग एवं डोर विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। तहसीलदार ने दुकानों पर चायना मांझे की जांच कर दुकानदार को निर्देशित किया कि चाइना मांझे का विनिर्माण, विक्रय किसी भी स्थिति में नहीं किया जाए, ऐसा करते पाए जाने की स्थिति में संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

## जन आकांक्षा के नवीन पोर्टल का प्रशिक्षण आज

**आगर-मालवा।** समय सीमा प्रकरणों के लिए नवीन पोर्टल जन आकांक्षा लागू किया जाना है। जन आंकाक्षा पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से गूगल मीट के माध्यम से दिया जाएगा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि गूगल मीट के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण में अपने विभाग के टेक्निकल ऑपरेटर के साथ सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

## तहसीलदार व थाना प्रभारी ने की चाइना डोर की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मंगलवार को नगर में चायना डोर से एक व्यक्ति के घायल होने के बाद बुधवार को तहसीलदार एवं थाना प्रभारी ने नगर में लगी पतंगों की दुकानों की जांच कर चायना डोर विक्रय नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। एक दुकान से चायना डोर जब्त किया गया। आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान चाइना डोर के उपयोग से मनुष्य एवं पशु, पक्षियों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए चाइना डोर का विनिर्माण, विक्रय एवं उपयोग के संबंध में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन में बुधवार को



तहसीलदार प्रीति भिंसे एवं थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने नगरीय क्षेत्र में पतंग एवं डोर विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

दल द्वारा दुकानों पर चायना मांझे की जांच कर दुकानदार को निर्देशित किया कि चाइना मांझे का विनिर्माण, विक्रय किसी भी स्थिति में नहीं किया जाए, ऐसा करते पाए जाने की स्थिति में संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी तथा दुकान बंद कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान एक दुकान से चायना डोर जब्त किया गया। संबंधित को हिदायत दी गई कि भविष्य में यदि चायना डोर का विक्रय किया तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## सुशासन दिवस की 22 दिसंबर को लेंगे शपथ

**आगर-मालवा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्मदिवस पर 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 24 दिसम्बर को रविवार एवं 23 दिसम्बर को शनिवार का शासकीय अवकाश होने के कारण समस्त शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारी-कर्मचारी 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे सुशासन की शपथ लेंगे।

## विकसित भारत 2047 के अंतर्गत कॉलेज में हुआ व्याख्यान

**आगर-मालवा।** सुसनेर के स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जीसी गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत 2047 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को सशक्त भारतीय, संपन्न एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था विषय पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आरवी गुप्ता ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से सारगर्भित जानकारी दी। रसायन शास्त्र की सहायक प्राध्यापक आरती नागर ने नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर तथा सुशासन एवं सुरक्षा तथा विश्व में भारत विषय पर डॉ.कमल जटिया ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। तत्पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों से माय भारत पोर्टल पर पंजीयन भी करवाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित आकांक्षा श्रीवास्तव, आदिश कुमार जैन, काशीराम प्रजापति राजकमल नर्गेश, मुकेश कुमार दांगी, डॉ. रेखा चंद्रपाल, सीमा मुवेल, मनोज कुमार दुबे व बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# विकसित यात्रा के भ्रमण से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार करें

### यात्रा के नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार हो। गांवों में कार्यक्रम के एक दिन पूर्व मुनादी करवाई जाए, ताकि ग्रामीणजन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में सहभागी बन सकें। यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में यात्रा के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर दिए। कलेक्टर ने कहा कि नोडल अधिकारी पहले से ही गांव में विजीट कर योजनाओं के बारे लोगो से चर्चा करते हुए हितग्राहियो को चिन्हित कर यात्रा के दिन लाभान्वित कराएं।

सभी नोडल अधिकारी यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड, ग्राम पंचायत, शासकीय योजनाओं में लाभान्वित हितग्राही, योजनाओं में लाभ देने के लिए प्राप्त किए आवेदनों एवं मेरी कहानी मेरी जुबानी की संख्यात्मक जानकारी भेजे तथा संबंधित पोर्टल पर दर्ज करें। साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी के वीडियो बनाकर भी ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करें। इस दौरान नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसीमरनप्रित कौर सहित संबंधित विभागों के जिला प्रमुख एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# आसमान में सूर्यास्त की लालिमा तो धरा पर बिखरी प्राकृतिक हरियाली

**कानड़।** बुधवार को शाम के समय सूर्यास्त के दौरान प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत दृश्य आसमान में दिखाई दिया। आसमान में सूर्यास्त हो रहा है वहीं धरती पर प्राकृतिक हरियाली का सुंदर मनोहारी दृश्य दिखाई पड़ रहा है। जिधर देखो उधर से यह दृश्य अलौकिक दिखाई दे रहा है, साथ ही ये मनमोहक दृश्य मन को सुकुन पहुंचा रहा है। इस नजारे को देखकर हर कोई कह उठा वाह प्रकृति का अजब नजारा।



## मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन-पूजन कर किया हवन

# कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर पहुंचे नलखेड़ा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर नलखेड़ा में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी की पूजा-अर्चना कर दर्शन किए। साथ ही मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में पंडितों की उपस्थिति में विशेष हवन-अनुष्ठान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके अनुयायी मौजूद रहे।

वृंदावन धाम स्थित आश्रम के आध्यात्मिक संत एवं देश के प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन महाराज मंगलवार रात नलखेड़ा पहुंचे। देवकीनंदन महाराज ने मां बगुलामुखी मंदिर में दर्शन किए। गर्भगृह में सात पंडितों द्वारा विधि-विधान के साथ पूजन करवाया गया, इसके बाद मंदिर के पीछे अहाते में स्थित यज्ञशाला में विशेष हवन अनुष्ठान किया गया। करीब 1 घंटे से अधिक समय देवकीनंदन महाराज मंदिर में रहे। यहां उनके भक्तों द्वारा मां बगलामुखी की तस्वीर भेंट की गई। देवकीनंदन महाराज की श्रीमद्भागवत कथा समीपस्थ राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा में 17 दिसम्बर से चल रही है। भागवत कथा के दौरान आज भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें भाग लेने के लिए नलखेड़ा नगर से भी बड़ी संख्या में भक्तजन छापीहेड़ा पहुंचेंगे जो कि नलखेड़ा के करीब स्थित है।

## समय पर स्कूल खुलें समीक्षा बैठक आयोजित कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# निपुण भारत अभियान का जिले में सफल संचालन हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निपुण भारत अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान मिशन निपुण भारत अभियान का जिले में सफल संचालन हो। शिक्षक छात्रों को प्राथमिक कक्षाओं में भाषा और संख्या ज्ञान प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। बैठक में एफएलएन प्रभारी जयलक्ष्मी द्वारा निपूण भारत अभियान की प्रगति विस्तार से प्रजेंटेशन दिया गया। नोडल अधिकारी एवं बीआरसी क्षेत्रों में पहुचकर अभियान के संचालन का फीडबैक लें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निपूण भारत अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत





मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इसके लिए विकासखंड स्तरीय कार्ययोजना बनाई जाकर क्रियान्वयन किया जाए। ब्लॉक स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी एवं बीआरसी अपने क्षेत्रों में विजिट कर अभियान के संचालन का फीडबैक लें। एफएलएन सामग्री स्कूलों एवं बच्चों को एक सप्ताह में उपलब्ध करवा दी जाए। सभी स्कूलों में एफएलएन का गुणवत्तापूर्ण एवं सफल संचालन किया जाए। अभियान से संबंधित डाटा भी समय पर अद्यतन करें।

आगे कहा कि जिले के सभी स्कूल समय पर खुलें और समय पर ही बंद हो तथा शिक्षक भी समय पर उपस्थित होकर अध्यापन करवाएं, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी एपीसी, बीआरसी, बीएसी प्रत्येक दिन कम से कम एक स्कूल का विजिट अनिवार्य कर स्कूलों के संचालन की जानकारी प्राप्त करें तथा शिक्षकों की उपस्थिति देखें। निर्धारित समय पर स्कूल नहीं खुलने तथा समय पूर्व बंद होने वाले स्कूलों व बिना अवकाश के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों को मीड-डे-मिल पर सुचारू रूप से मिलता रहे, मिड-डे-मिल गुणवत्तापूर्ण हो इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही सभी स्कूल मिड-डे-मिल के खाद्यान्न का समय पर उठाव करवा लें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, समस्त एपीसी, बीआरसी, बीएसी, सीएसी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चापड़ा चौराहे पर कार अनियंत्रित होकर पिलर से टकराई



**चापड़ा।** चौराहे पर बने पिलर से एक कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। हालांकि इसमें कोई जनहानि नही हुई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह के समय कन्नौद से इंदौर की ओर जा रही कार चापड़ा चौराहे पर बागली की ओर से आ रहे अन्य वाहन को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर चापड़ा चौराहे पर बने ओटले से टकरा गई। जिस वजह से कार क्षतिग्रस्त हो गई,हालांकि इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई।

### डीजे संचालकों ने कलेक्टर कार्यालय में दिया ज्ञापन



**देवास।** पिछले दिनों मध्य प्रदेश सरकार ने डीजे साउंड को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन का विरोध करते हुए देवास शहर के डीजे संचालकों ने बुधवार को भोपाल चौराहे पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।डीजे संचालकों ने बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार साउंड का डेसिमल बहुत कम करवा दिया गया है ऐसे में कोई शादियों में डीजे ही नहीं बुक करेगा। ऐसे में हमारा जीवन यापन करना मुश्किल हो जाएगा। यदि जल्द ही हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तो हम अपने सभी डीजे की गाड़ियों को लेकर भोपाल जाएंगे और जब तक हमारी मांगों का निराकरण नहीं होता तब तक वहीं रहेंगे। झुझारसिंह देवास डीजे संचालक ने बताया कि प्रतिबंध को लेकर हम आवेदन देने आए थे।भोपाल जाएंगे और जब तक हमारी मांगों का निराकरण नहीं होता तब तक वहीं रहेंगे। झुझारसिंह देवास डीजे संचालक ने बताया कि प्रतिबंध को लेकर हम आवेदन देने आए थे।फिलहाल शादियों में हमें डीजे नहीं बजाने दिया जा रहा है और परमिशन लेकर आने की बात कही जाती है। परमिशन लेने जाओं तो वह मिलती नहीं है हमें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हम विधायक के पास भी गए थे उसके बाद कलेक्टर को आवेदन देने पहुंचे है।

### नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में रेड रिबन कार्यशाला का हुआ आयोजन

**देवास।** जिला अस्पताल के नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में रेड रिबन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विष्णुलता उईके, जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ शिवेन्द्र, जिला उज्जैन के रेड रिबन क्लब प्रभारी उपस्थित हुए। कार्यशाला में डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा ने पीपीटी के माध्यम से एचआईवी एड्स तथा एचआईवी एड्स अधिनियम 2017 तथा रक्तदान एवं टीबी से संबंधित तकनीकी जानकारियां रेड रिबन क्लब प्रभारियों को दी। कार्यशाला में ज्ञान सिंह मालवीय ने ईएमटीसी कार्यक्रम की जानकारी दी तथा लेब टेक्नीशियन महेन्द्र सिंह जादौन ने एचआईवी/सिफलिस, हेपेटाईटिस बी-सी एवं जिला एआरटी केन्द्र परामर्शदाता द्वारा एआरटी केन्द्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला डापकू/दिशा शोभी गुप्ता द्वारा किया गया।

### श्रीमद देवी भागवत कथा 23 दिसंबर से

**देवास।** विश्व कल्याण, सुख समृद्धि एवं चहुओर शांति की कामना को लेकर देवी भक्तो द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। पं. राजेन्द्र दुबे (जय शिव) ने बताया कि दर्जी समाज धर्मशाला मोती बंगला में 23 से 29 दिसम्बर तक पं. महेश गुरुजी उज्जैन वाले के मुखारविंद से होने वाली श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ 23 दिसम्बर को शिव मंदिर कोठी रोड से दोपहर 1 बजे कलश यात्रा के साथ होगा।

---

निगम में एमआईसी सदस्य व राजस्व अधिकारी के बीच हुआ विवाद

# सत्ताधारी पार्षदों ने अपनी ही संस्था के कर्मचारियों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

### निगम में एमआईसी सदस्य व राजस्व अधिकारी के बीच हुआ विवाद, गहमा गहमी के बाद निगम कर्मचारी हुए लामबंद, दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने पहुंचकर दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम में किसी ना किसी विषय को लेकर आए दिन विवाद होते रहते हैं। बुधवार नगर निगम में बीजेपी पार्षद एमआईसी सदस्य शीतल गेहलोत व राजस्व अधिकारी प्रदीप शास्त्री के बीच नामांतरण की फ़ाइल को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद गहमा गहमी के माहौल के बाद नगर निगम कर्मचारियों ने लामबंद होकर निगम का काम बंद कर दिया और एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। इधर पार्षदों ने एकत्रित होकर भ्रष्टाचार के पोस्टर सम्पत्ति नामांतरण में भ्रष्टाचार से जुड़े छपवा लिए और निगम में ही बहुत देर तक विरोध किया। पार्षदों ने नगर निगम में कर्मचारियों को पर फूल न्यौछावर कर व माला पहनाकर विरोध जताया। उसके बाद पार्षद व नगर निगम कर्मचारियों का एसपी कार्यालय जाते समय आमना सामना हुआ। जिसमें विरोध स्वरूप दोनों से ओर से नारेबाजी की गई। पार्षदों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया से इसकी शिकायत की।

इसी बीच नगर निगम के कर्मचारियों ने पार्षद के खिलाफ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने को लेकर कोतवाली में आवेदन दिया। पार्षदों ने भी कर्मचारियों के विरुद्ध काम ना किए जाने व अभद्र व्यवहार को लेकर आवेदन सौंपा है। दोनों विषय के बाद कोतवाली टीआई दीपक यादव ने कहा फ़ाइल आगे ना बढ़ाये जाने व पेमेंट से जुड़ा विवाद था। जिसको लेकर दोनों के आवेदन लिए गये है। पार्षद व निगम कर्मचारियों के उच्चाधिकारियों से चर्चा कर जांच की जाएगी उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। ज्ञात हो की प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सम्पत्ति नामांतरण में शीघ्रता और पारदर्शिता लाने हेतु अपनी पहली बैठक में ही निर्णय लेकर आदेश जारी किया था। उसी के बाद निगम में नामांतरण में भ्रष्टाचार का विवाद सामने आया हैं। घटना के बाद राजस्व अधिकारी प्रदीप शास्त्री ने अपना पक्ष रखते हुए कहा की एमआईसी सदस्य शीतल गेहलोत ने दो तीन पहले दो कालोनियों के खाते खुलवाने को लेकर फ़ाइल मुझे दी थी। उसी फ़ाइल की जानकारी को लेकर मेरे पास आए थे जिन्हें मेरे द्वारा डीसी लता अग्रवाल को दे दिया गया था। लेकिन गेहलोत का कहना था कि तुम पैसे खाते हो। उन्होंने कमरा बन्द कर मेरे ऊपर हाथ उठाने का प्रयास किया और अभद्र भाषा को प्रयोग किया। इस विवाद को लेकर सभी कर्मचारी साथी हमारे साथ मे हैं। शास्त्री का कहना था कि कुछ पार्षद हमसे अवैध काम करवाने के लिए दबाव बनाते है। घटना की शिकायत हम कोतवाली में दर्ज कराएंगे। घटना की जानकारी हमने डिप्टी कमिश्नर पुनीत शुक्ला को दे दी हैं।




#### निगम बंद का फैसला वापस लिया

मामले में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि प्रशासनिक अमले और जनप्रतिनिधियो का चोली दामन का साथ होता है। दोनों ही पक्षों को लेकर बैठक की गई हैं। निगम कर्मचारी,यूनियन के सदस्यों को समझाया गया। जिसके बाद कर्मचारियों द्वारा निगम बन्द के आह्वान को वापस लिया गया। नामांतरण में पारदर्शिता और शीघ्रता लाने हेतु अग्रवाल ने सीएम के नामांतरण के शीघ्र आदेश की घोषणा को ध्यान में रखते हुए कहा की उनके नए आदेश के प्राप्त होने पर अक्षरसः पालन किया जाएगा। साथ ही निगम की लड़ाई को सर्वाजनिक करने की जाए निगम परिसर में ही बैठकर हल करने की बात कही। वहीं व्यक्तिगत लड़ाई को सामूहिक लड़ाई का स्वरूप न देने की बात कही। साथ ही भविष्य में इस प्रकार का विवाद होने पर निगम कार्यालय को बंद नहीं करने की भी चेतावनी दी गई। विवाद के दौरान निगम अधिकारी नदारद रहे विवाद के दौरान निगम कमिश्नर रजनीश कसेरा 22 दिसंबर तक अवकाश पर होना बताया गया। वहीं डिप्टी कमिश्नर लता अग्रवाल भी अवकाश पर थीं। ऐसे में विवाद निगम परिसर में सीमित न रहकर सार्वजनिक हो गया। दोनों पक्षों की ने अपनी कार्रवाई केवल आवेदन तक सीमित रखी।

दूसरे पक्ष से एमआईसी सदस्य शीतल गेहलोत का कहना है कि प्रदीप शास्त्री द्वारा लगाए आरोप ग़लत हैं। चूंकि में जनप्रतिनिधि हूं, मेरी जवाबदारी है जनता के काम को करवाना जिसको लेकर पिछले हफ्ते प्रदीप शास्त्री को फ़ाइल दी थी उसी की जानकारी के लिए मैने उनसे बात की थी और मेरे सहायक को फ़ाइल की वस्तु स्थिति मालूम करने के लिए उनके पास भेजा था जिस पर उनके द्वारा मेरे सहायक से अभद्रता की गई और उनका कहना था कि नेतागिरी करोगे तो क्या फ़ाइल हो जाएगी। गेहलोत ने आरोप लगाते हुए कहा कि शास्त्री भ्रष्टाचार करना चाह रहे हैं। उनको फ़ाइल नामांतरण करने के पैसे चाहिए। हमने घटना को महापौर, सभापति और विधायक सभी को अवगत करा दिया हैं।

---

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय और आवासों का किया निरीक्षण

#### निर्माण कार्य में गुणवत्ता के दिए निर्देश



**देवास।** निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय एवं शासकीय आवासों का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। संबंधित अधिकारी समय-समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नवीन कलेक्टर कार्यालय एवं शासकीय आवासों का निर्माण नवम्बर 2024 तक पूर्ण करने की समय-सीमा तय है। निर्माण एजेंसी द्वारा जून 2024 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने निर्माण ऐजेंसी को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होना चाहिए, गुणत्त्वापूर्ण निर्माण कार्य किया जाये। गुप्ता ने शासकीय आवासों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि सीपेज की समस्या नहीं चाहिए। वॉटर प्रूफिंग, स्लोप मेन्टेन, पानी लीक न हो, गार्डन, पार्किंग, कम्यूनिटी हाल के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि शासकीय आवासों की छत पर टीन शेड लगाये। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 62 शासकीय आवास बनाये जा रहे है। जिसमें जी प्रकार के 24, एच प्रकार के 24, एफ प्रकार के 12 और ई प्रकार के 02 शासकीय आवास बनाये जा रहे है। कलेक्टर गुप्ता ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर कार्यालय का ले-आउट प्लान देखा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पार्किंग संबंधी निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि पार्किंग बैसमेंट में पानी नहीं भरे ऐसी व्यवस्था करें। मीटिंग के लिए बड़ा हाल बनाये। मीटिंग हाल में पिल्लर नही हो, दो वीसी रूम बनाये जाये और छत पर टीन शेड लगाया जाये।साथ ही निर्देश दिये कि ऑफिस शिफ्टींग के लिए अभी से प्लान बनाये। जितने भी शासकीय विभागों के कार्यालय अभी बाहर है सभी कलेक्टर कार्यालय में शिफ्ट किये जायेंगे। किस विभाग को कितनी जगह लगेगी इस संबंध में प्लानिंग कर लें ताकि प्लान के हिसाब से निर्माण कार्य कराया जा सकें।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम 21 दिसंबर को

**देवास।** कार्यपालन यंत्री शहर संभाग मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड देवास ने बताया कि 21 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का आयोजन वृत्त स्तर पर गठित टीम द्वारा किया जाएगा। फोरम का आयोजन कार्यपालन यंत्री शहर संभाग मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड आनंदबाग परिसर एबी रोड देवास पर होगा। उपभोक्ता की विद्युत संबंधी शिकायतों का निवारण किया जाएगा।

---

# साइकलिंग प्रतियोगिता में पांच साइकिलिस्ट शहर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में लोगों का स्वास्थ्य के प्रति रुझान पिछले कुछ वर्षों में और अधिक बड़ा है। खासतौर पर रनिंग और साइकलिंग के प्रति पिछले दो वर्षों में लोगों की रुचि बहुत बड़ी है। सर्दी हो या बारिश लोग सवेरे रनिंग वह साइकलिंग करते हुए नजर आते हैं। हंड्रेड डेज ऑफ़ रनिंग एंड साइकलिंग (एच डी ओ आर) एक वर्चुअल प्लेटफार्म है जिसके द्वारा 100 दिन की साइकलिंग इवेंट प्रतिवर्ष करवाई जाती है, जिसमें विश्व भर से हजारों लोग शामिल होते हैं। इस वर्ष यह प्रतियोगिता 7 सितंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित की गई।

जिसमें लगभग 3000 साइकिलिस्ट ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश से शीर्ष 11 में साइकिलिस्ट में प्रथम स्थान सहित पांच साइकिलिस्ट देवास शहर से रहे। साइकिलिस्ट आशीष गुप्ता ने 100 दिन में 7501 किलोमीटर साइकिल चलाकर 34699 पॉइंट हासिल किये व प्रथम स्थान प्राप्त किया। साइकिलिस्ट हेमंत वर्मा ने 100 दिन में 7608 किलोमीटर साइकिल चलाकर 32698 पॉइंट अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विमल बाजपेई ने 28249 पॉइंट अर्जित कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया। साइकिलिस्ट कृष्णपाल सिंह राठौड़ 27961 पॉइंट अर्जित कर प्रदेश में नया स्थान प्राप्त किया। साइकिलिस्ट अजय पंडित ने 26195 पॉइंट अर्जित कर प्रदेश में 11वा स्थान प्राप्त किया।साइकिलिस्ट आशीष गुप्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 14वें स्थान पर रहे व हेमंत वर्मा की अंतरराष्ट्रीय रैंक 24 रही। साइकिलिस्ट हेमंत वर्मा ने आखिरी के 20 दोनों में 2500 किलोमीटर साइकिलिंग की। साइकिलिस्ट आशीष गुप्ता ने आखिर के 20 दिन में 3253 किलोमीटर साइकिलिंग की जिसमें ऑडेक्स द्वारा आयोजित बीआरएम राइड 200 किलोमीटर 9 घंटे में, 300 किलोमीटर 15 घंटे, में 400 किलोमीटर 24 घंटे में और 600 किलोमीटर की राइड और 38घंटे 36 मिनट में समाप्त की और दोबारा एस आर उपाधि प्राप्त की। इन सभी साइकिलिस्ट को देखकर शहर के कई लोग साइकिलिंग से जुड़ चुके हैं और प्रतिदिन साइकलिंग कर रहे हैं। हेमंत वर्मा देवास साइकलिंग क्लब के डायरेक्टर है व आशीष गुप्ता देवास जिला साइकलिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट हैं।

इन दोनों साइकिलिस्ट ने पिछले कुछ वर्षों में कई आयाम हासिल कीये हैं और सैकड़ो लोगों को साइकिलिंग से जोड़ा है। इस अवसर पर देवास फिटनेस लवर्स के संस्थापक प्रद्युमन सिंह राठौड़,स्वप्निल वर्मा,विनोद पटेल, अभिषेक लाठी, सचिन शर्मा, मोहिते व अन्य सदस्यों ने सभी विजेताओ साइकिलिस्ट का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया।

---

# सीएम राइज स्कूल को लोकनृत्य समूह में मिला तृतीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल शा. मॉडल उ.मा.वि. देवास के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य समूह में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र बंसल ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बालरंग महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें विद्यालय स्तर से आरम्भ होकर विकासखंडस्तर, जिलास्तर तथा सम्भाग स्तर पर प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर भोपाल में अपनी प्रस्तुति देते है। सीएम राइज स्कूल देवास के विद्यार्थियों ने निरन्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोकनृत्य (वरिष्ठ समूह) में जिला एवं सम्भाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 19 दिसम्बर को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स परिसर भोपाल में राज्य स्तरीय आयोजन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालरंग की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक सम्भाग से एक टीम सम्मिलित हुई थी। उज्जैन सम्भाग की टीम का प्रतिनिधित्व सीएम राइज स्कूल देवास ने किया। उल्लेखनीय है कि देवास जिले ने बालरंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लोकनृत्य में पहली बा रपुरस्कार प्राप्त किया है।

---

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभागों ने लगाया स्टॉल




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविरपात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों ने लगाया स्टॉल देवास। जिले में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ का आयोजन ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर किया जा रहा है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अंतर्गत जिले में ग्राम पंचायत साबुखेडी, जटाशंकर, अरलावदा, जागठा, डांगरखेडा, कणांबुजुर्ग सहित अन्य ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाकर आवेदन लिए गये। ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ अंतर्गत आयोजित शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं लाभ दिलाया जा रहा है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलाइजर, अटल पेंशन योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जा रहा है।

#### संकल्प यात्रा को लेकर परिषद में हुई बैठक



**चापडा।** केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर विधानसभा अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हो रहा है। इसी के अंतर्गत 27 दिसंबर को यात्रा बागली नगर पहुंचेगी। जिसको लेकर बुधवार के दिन नगर परिषद बागली में अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे, कमल यादव, सीएमओ महेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान किस प्रकार से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए साथ ही किस प्रकार से नगर में संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। इन सभी एवं यात्रा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। गांधी चौक पर यात्रा के दौरान चौपाल सभा का भी आयोजन होगा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि कमल जायसवाल, किशोर गुजराती,मुकेश चौबे, पार्षद अमित धूलिया ,पार्षद श्रीमती मनीषा खैरवाल, पार्षद प्रतिनिधि पवन राठौड़, रजत बजाज, मोतीलाल पटेल, सूर्य प्रकाश गुप्ता,लखन सोनी, अनु सिसोदिया, शंकर भंवरा सहित नगर परिषद कर्मचारी एवं नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### पेंशनर समिति के अध्यक्ष बने विश्वकर्मा



**जावर।** नगर के पेंशनर समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पेंशनर समिति अध्यक्ष हुकुमचंद जैन की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारी का गठन सर्व संपत्ति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर सुधीर सिंह विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर, सचिव अशोक कुमार मालवीय, सह सचिव मेहरवान सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष करण सिंह मालवीय, जिला प्रतिनिधि अशोक मालवीय, कमल सिंह ठाकुर, डीसी बाहेती, नकुल सिंह ठाकुर सहित रणजीत सिंह मालवीय, मांगीलाल मालवीय, कमल सिंह ठाकुर, मदनलाल सोलंकी ,अंबाराम मालवीय, दयाराम भरैवा, चंदर सिंह ठाकुर को सलाहकार एवं कार्यकारिणी सदस्य ठाकुरलाल सोलंकी को नियुक्त किया गया।

### निकाली जा रही भारत संकल्प यात्रा

**सीहोर।** जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा जिले की अनेक ग्राम पंचायतों से निकाली गई। जनप्रतिनिधी व अधिकारियों ने पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए छूटे हुए हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

प्रशासन ने नए बस स्टैंड के बाहर से अतिक्रमण हटाओ मुहिम की शुरू

# अतिक्रमण के कारण नगर के मार्गों पर लोगों का पैदल चलना हो रहा मुश्किल

**प्रशासन व नपा की टीम सक्रिय हुई और बस स्टैंड से लेकर पुराना भोपाल इंदौर हाइवे, पुराना बस स्टैंड ,भोपाल नाका तक प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर में इन दोनों धीरे-धीरे अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है सबसे ज्यादा शहर के प्रमुख चौराहे और मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है अस्पताल चौराहे पर ही अस्पताल में आने के लिए फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस को परेशानी उठाना पड़ती है, इसी को देखते हुए मंगलवार को प्रशासन एवं नगर पालिका की टीम सक्रिय हुई और बस स्टैंड से लेकर पुराना पुराना भोपाल इंदौर हाईवे, पुराना बस स्टैंड ,भोपाल नाका तक प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहर के बस स्टैंड ,पुराना भोपाल इंदौर हाईवे एवं अस्पताल चौराहा सर्वाधिक अतिक्रमण की चपेट में ईसी को देखते हुए एसडीम आनंद सिंह राजावत, सीएमओ राजेश सक्सेना, एसडीओपी आकाश अमलकार पहुंचे और पूरे मार्ग का निरीक्षण किया।

चुने की लाइन डलवाई ठेले और गुमटियों सहित अन्य अतिक्रमणकारियों को हिदायत दि कि वह सड़कों पर अतिक्रमण न करें अगर अब अतिक्रमण किया तो तुरंत हटा दिया जाएगा साथ ही जुर्माना भी किया जाएगा। प्रशासन ने सब्जी के ठेले फल फ्रूट के ठेले आदि के लिए हाकर्स कॉर्नर पर लगाने की व्यवस्था की है अब सभी सब्जी के ठेले और दुकान अस्पताल चौराहा के सामने हाकर्स कॉर्नर पर लगेगी। एसडीम आनंद सिंह राजावत ने बताया कि कई दिनों से अतिक्रमण की शिकायत मिल रही थी दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि वह शासकीय भूमि, मार्गो पर अतिक्रमण न करें।

### सब्जी के ठेले हाकर्स कॉर्नर पर लगेगी

सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि सब्जी के ठेले पुराना भोपाल इंदौर मार्ग अस्पताल चौराहा के आसपास लगते थे इस कारण हाईवे भी बाधित होता था साथ ही बुधवार मार्ग पर जाने वालों को भी परेशानी उठाना पड़ रही थी अतिक्रमण के कारण कई बार सिविल अस्पताल में आने जाने वाली एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं मिलता था नागरिक भी लगातार शिकायत कर रहे थे इसी को देखते हुए आज प्रशासन एवं नगर पालिका के अमले ने आज सभी दुकानदारों और ठेले वालों को हिदायत दिए की वहां जल्द ही दुकान हटा ले नहीं तो कार्रवाई कर हटाई दी जाएगी साथ ही जो सब्जी की दुकने बाहर लग रही थी उन सभी के लिए अस्पताल के सामने हाकर्स कॉर्नर पर लगाने की व्यवस्था की गई है।

### अतिक्रमण के कारण सड़कें सिकुड़ी

अतिक्रमण के कारण दिनों दिन शहर की सड़के सिकुडती जा रही है मामला चाहै कन्नौद मार्ग का हो या पुराना भोपाल इंदौर मार्ग अधिकांश मार्ग पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है कन्नौद मार्ग पर तो दुकानदारों ने समान सड़कों तक रख रखा है। इधर ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अन्य वाहन भी खड़े रहते हैं इस कारण वाहन चालक का निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

### अन्य सड़कों का भी यही हाल

शहर के भोपाल नाका जो की भोपाल इंदौर मार्ग पचोर खंडवा मार्ग को जोड़ता है इस मार्ग पर यातायात का सबसे ज्यादा दबाव है लेकिन यहां पर ना कोई यातायात पुलिसकर्मी और ना ही चौराहे को विकसित किया गया इस कारण इस मार्ग पर आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ती है यहां चौराहा अतिक्रमण की चपेट में है। शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग ,अलीपुर ,इंदौर नाका ,पुराना बस स्टैंड ,नया बस स्टैंड, अस्पताल के पीछे, बुधवारा,सब्जी मंडी मार्ग, मंडी गेट आदि अतिक्रमण की चपेट में प्रशासन को इन क्षेत्रों मैं भी अधिक अतिक्रमण महिम चलानी चाहिए।

# गैस सिलेंडर में विस्फोट के बाद मकान में लगी आग

**रहवासियों में मचा हड़कंप**



**आष्टा।** गैस सिलेंडर फटने के बाद घर की स्थिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मंगलवार को शहर के रहवासी क्षेत्र लंगापुर के एक मकान में एलपीजी गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद जोरदार विस्फोट हों गया। विस्फोट के बाद घर में भीषण आग लग गई। लिहाजा रहवासी इलाका होने के चलते सिलेंडर में विस्फोट की आवाज सुनते ही नागरिक दहल उठे। इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घर में आग लगते ही आसपास के रहवासियों ने पानी से आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नही पाया गया।

घटना की सूचना मिलने के बाद घर में घरेलू सिलेंडर में आग लगने की सूचना मिलते ही फायरब्रेगड भी पहुंची तब कहीं बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घर में रहने वाली बुरखाना बी ने जानकारी देते हुए बताया की घर में सभी काम कर रहे थे। खिड़की में से आग की लपटे दिखाई दी और अचानक गैस सिलेंडर फटने की आवाज आई। जिसके बाद घर में चीख पुकार



मचना शूरू हों गईं और घर के सभी सदस्य घर से बाहर निकल गए।

वही हादसे के समय घर में 9 से 10 लोग थे, लेकिन गनीमत यह रही कि किसी प्रकार कोइ कोई जनहानि नही हुईं। बुरखाना बी ने घर में रखे सामान सहित सोने-चांदी के गहने और नगदी सहित 4-5 लाख रूपए का नुकसान होने की बात कहीं। फिलहाल गैस सिलेंडर में आग केसे लगी, यह अभी अज्ञात है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थीं जो आगे जांच कर रही है। आपको बता दें की गैस सिलेंडर मे इतनी तेज विस्फोट हुआ की दीवारों में छेद हों गए तो सिलेंडर के भी छितरे उड़ गए।

# ईर्ष्या अग्नि के समान कर्मों की सजा भोगना पड़ती है: अभय मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अनंत काल से आत्मा का संबंध कर्मों से चल रहा है। कर्म बांधते हैं अच्छा लगता है भोगते हैं जब कष्ट होता है। कर्मों की सजा भोगना ही पड़ती है। मजा और आनंद में आनंद चाहिए तो णमोकार महामंत्र का जाप करें। सच्चा आनंद त्याग में है। संसार में जहां भोग है ,वहां सजा है।श्रावक धर्म का पालन करें। ईर्ष्या अग्नि के समान है। अंदर ही अंदर व्यक्ति को ईर्ष्या खोखला कर देती है। जैसे दीमक लगने पर खोखला हो जाता है, वही स्थिति ईर्ष्या से होती है। ननंद से भाभी ईर्ष्या करती है।आज भाई -भाई में ईर्ष्या हो रही है। ईर्ष्यालु कर्म बांधता है। क्षमा भाव रखें, तीर्थंकर भगवान की शरण में जाएं। कभी भी ईर्ष्या न करें। उक्त बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनिश्री ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि पूरी अयोध्या राम को चाहती थी, लेकिन कैकेई ने राजा दशरथ से कहकर राम को ईर्ष्या बस होकर 14 साल के लिए वन में भेजा। अशुभ कर्म का कारण मोहिनी कर्म है और उसी कारण ईर्ष्या करते हैं। ईर्ष्या भाव घटाएं। मुनिश्री ने कहा दृष्टि दोषों पर नहीं जाना चाहिए। मन के परिणामों को सुधारें। मीठे पानी की नदियां समुद्र में मिलकर खारा पानी हो जाता है। आत्मा में ईर्ष्या घुली हुई है, उसे बाहर कर ज्ञान, दर्शन और चारित्र रुपी रत्न प्राप्त करें।ईर्ष्या से धनवान भी परेशान हैं।धन ही व्यक्ति को गलत मार्ग पर ले जाता है। गुणवान बनों, भगवान के गुण अपने में आएं,यह भाव व इच्छा रखे। महिलाएं ईर्ष्या अधिक करती है। अनेक घर ईर्ष्या और मोबाईल के कारण टूट रहें हैं। व्यापारियों में भी ईर्ष्या रहती है। महिलाओं में 50 प्रतिशत, व्यापारियों में 25 प्रतिशत ईर्ष्या रहती है। संप्रदाय वाद में भी ईर्ष्या है। किसी की लाईन छोटी न करे, अपनी लाईन बड़ी करें। ईर्ष्या भव -भव में दुःख पहुंचाएगी। जहां में वहां ईर्ष्या है। आपने चार अहंकार को छोड़ने की बात कही। गिरीश मुनि श्री ने कहा कि जीवन में परिवर्तन लाएं। समभाव रखें, सब्जी में नमक नहीं है तो नाराज न हो।

# सुविधा: छात्रों को परीक्षा में असमंजस न हो इसलिए मॉडल पेपर किए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा का आयोजन शीध्र किया जाएगा। समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। छात्र तैयारियां भी कर रहे हैं। परीक्षा में किस तरह के प्रश्न आएंगे ,यह सवाल छात्रों के मन में उठ रहा है। इसके चलते अब माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षाओं में छात्रों को परीक्षा की तैयारी के लिए सभी विषयों के मॉडल पेपर तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र इन पेपर को हल कर यह जान सकेंगे कि बोर्ड के पेपर किस पैटर्न पर आएंगे।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया कि इन सैंपल पेपर में स्कीम ऑफ मार्क्स की जानकारी के साथ ही परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थियों को मदद भी मिल सकेगी। हाईस्कूल व हायर सेकंडरी की परीक्षा फरवरी से शुरू होने जा रही है। जानकारी के अनुसार 12वीं की परीक्षा में हिंदी के पेपर में 23 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें एक से पांच प्रश्न के अंतर्गत 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। यह किस तरह के होंगे। यह सब कुछ पेपर में दिया गया है। इसी तरह ही 10 वीं और 12 वीं के कुल 20 पेपर अपलोड किए गए हैं। इनमें हायर सेकंडरी के 14 और हाईस्कूल के सभी 6 प्रमुख विषय शामिल किए गए हैं। श्री राजपूत ने बताया कि पाठय पुस्तक से प्रश्न तैयार करवाकर भी दिए गए हैं। निबंध के विषय क्या हो सकते हैं यह भी पेपर में दिया गया है। प्रत्येक पेपर में प्रश्नों के प्रकार के साथ ही उनके उदाहरण भी दिए गए हैं। बताया गया है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आवेदन का प्रारूप भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं परीक्षा के पहले और परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं काउंसलर्स से मदद लेते हैं।

इसी को ध्यान में रखते हुए बच्चों की काउंसिलिंग के लिए मंडल की ओर से काउंसलर भी नियुक्त किए जा रहे हैं। यह चार-चार घंटे की शिफ्ट में सेवाएं देंगे। विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया कि एमपी बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 10 वीं की परीक्षा 5 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी। प्रैक्टिकल परीक्षा 5 से 20 मार्च तक होना है। स्वाध्यायी छात्रों की परीक्षाएं आवंटित परीक्षा केंद्र पर 5 से 28 फरवरी तक होगी। इसी तरह हायर सेकंडरी के छात्रों की परीक्षा 6 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगी।

### शीतलहर ने कंपकंपाया, 9 डिग्री पर पहुंचा रात का पारा, जलने लगे अलाव

**आष्टा।** उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवा ने नगर में सर्दी का असर बढ़ा दिया है, दिन भर शीतलहर चलती रही और इस शीत लहर से निजात पाने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। जगह-जगह अलाव जलाकर लोग तापते हुए नजर आए। न्यूनतम पारा एक डिग्री सेल्सियस नीचे उतर जाने के बाद रात में लोगों को ठंड ने कंपकंपा दिया। सोमवार को दिन का पारा 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम पारा 9 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया। बता दें कि पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद एक बार फिर नगर व क्षेत्र में सर्दी ने अपना अहसास कराना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय गुनगुनी धूप लोगों को भले ही सर्दी से कुछ समय के लिए राहत दे रही है।

# स्वास्थ्य कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सा विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सीहोर के क्रिसेंट में भोपाल, सीहोर और आष्टा के विशेषज्ञ चिकित्सकों की कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। जिसमें उक्त कॉन्फ्रेंस समिति के अध्यक्ष डॉ हीरा दलोद्रिया एवं सचिव डॉ आर के वर्मा ने उक्त समारोह में शुभारंभ करने पधारें कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं विधायक सुदेश राय का स्वागत किया। वही कलेक्टर प्रवीण सिंह ने चिकित्सकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो आधुनिक तकनीकी गर्भवती महिलाओं के लिए आई है, उसका लाभ अधिक से अधिक गर्भवती माताओं को मिले, ऐसा प्रयास सभी चिकित्सकगण करें। प्रदेश के साथ स्थानीय क्रिसेंट रिसोर्ट में मेंटर्नल फीटल मेडिसिन की कांफ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय एवं कलेक्टर प्रवीण सिंह ने किया। इस दौरान विधायक सुदेश राय ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से डॉक्टरों को नई जानकारियाँ मिलती है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि गूगल पर ध्यान न देकर मरीजो को डॉक्टर की सलाह मानना चाहिये। डॉक्टरों को भी दुरस्त क्षेत्रों में जाकर काउन्सलिंग कर मरीज के डर को दूर करना चाहिये। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा डॉ.एल.एन. नामदेव, सीहोर नाक,कान गला विशेषज्ञ, डॉ. आर.सी. विश्वकर्मा सर्जन भेरूंदा, डॉ.जी.डी.सोनी अस्थी रोग विशेषज्ञ आष्टा को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। कांफ्रेंस में गेस्ट्रो एन्ट्रोलोजिस्ट विशेषज्ञ डॉ.पियूष मनोरिया द्वारा हेपिटाईटिस बी की बीमारी से कैसे बचा जा सकता है के बारे में बताया गया, एंडो क्रायानोलोजिस्ट डॉ मयूर अग्रवाल द्वारा बताया गया कि बच्चों व माँ को शुगर की बीमारी कैसे बचाया जा सकता है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ.नीरेन्द्र राय ने बताया कि मिरगी के दौरे के दौरान गर्भ अवस्था में कैसे इलाज किया जा सकता है। गेस्ट्रो इंट्रलोलिस्ट डॉ.सी.सी.चोबल ने बताया कि लीवर की बीमारी में कैसे इलाज किया जाता है। डॉ.सुमित भटनागर कॉडियोलोजिस्ट द्वारा बताया गया कि हृदय की बीमारी में गर्भावस्था में कैसे इलाज किया जा सकता है। विभिन्न बीमारियों का जच्चा-बच्चा के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है, इस पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में चैयरमेन डॉ.हीरा दलोद्रिया ने भी संबोधित किया तथा आभार ऑर्गनाईजिंग सेकेटरी डॉ आरके वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर डेहरिया, पूर्व सिविल सर्जन डॉ.भरत आर्य, सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता, डॉ.व्ही.के.चतुर्वेदी, डॉ.विवेक सक्सेना सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने कारसेवा करने वालों का किया सम्मान, ढोल-ढमाकों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल

# खजुरिया, धुराड़ा खंड में घर-घर जाकर अक्षत देकर किया आमंत्रित






हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अयोध्या से आए पूजित अक्षत (पीले चावल) प्रांत से विभाग और विभाग से जिला जिले से तहसील और तहसील से खंड और खंड से अब प्रत्येक गांव तक अयोध्या से आए पूजित अक्षत हर गांव में निमंत्रण के रूप में पहुंच रहे हैं। इसी अभियान में मंगलवार को खंड खजुरिया और खंड धुराडा में एक भव्य आयोजन किया गया जिसमें खंड के सभी गांवों को आमंत्रित किया गया। और आसपास के सभी गांव से आए कार सेवकों का जिन्होंने बाबरी विध्वंस में कार सेवा की थी उनका सम्मान किया। सभी ग्रामीण ढोल धमाके के साथ राम मंदिर में एकत्रित हुए और वहां से पूजित अक्षत एक रैली के रूप में लेकर अपने-अपने गांव की ओर प्रस्थान किया। नगर में अक्षत वितरण आयोजन का बड़े ही भव्य रूप में किया गया।

श्री राम मंदिर में हवन पूजन के पश्चात गांव के कथावाचक पंडित जी का आशीर्वाद स्वरुप प्रवचन हुआ इसके पश्चात विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने अक्षत किस प्रकार हर घर तक पहुंचे यह योजना विस्तार से बताई और राम मंदिर में कितने संघर्षों का सामना किया कितना कठिन एवं अथक प्रयास कार सेवकों ने किया इसमें कितने लोगों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया और राम मंदिर के लिए अभी तक कितनी लड़ाइयां लड़ी इसका पूरा विवरण , जानकारी कार्यक्रम में दी। कार्यक्रम में इंदौर से पधारे जिला धर्म प्रसार अध्यक्ष प्रतीक भावसार ने राम मंदिर पर लिखी एक कविता का वाचन किया।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर, अभियान के संयोजक प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, प्रखंड मंत्री हरेंद्र ठाकुर, प्रखंड साप्ताहिक मिलन प्रमुख बंसी सोलंकी ,बजरंग दल गोरक्षा प्रमुख कैलाश सिंह ठाकुर के साथ ही ग्राम के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ प्रमुख रूप से इस कार्यक्रम में ग्रामीण जनों का उत्साह देखते ही बनता था कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन को हर घर तक पहुंचे ऐसा दृढ़ निश्चय किया कार्यक्रम में विशेष रूप से जो सम्मिलित हुए बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह, कृपाल सिंह ,चंद्र सिंह आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मोहन पाटीदार अखिल भारतीय संग द्वारा किया गया। इसी प्रकार ग्राम धोराडा में भी अक्षत वितरण कार्यक्रम रखा गया जिसमें आसपास के 6 गांव सम्मिलित हुए कार्यक्रम को प्रमुख रूप से विभाग सहकारवा बाबू सिंह द्वारा संबोधित किया गया कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड सेह मंत्री यशवंत सिंह ठाकुर एवं प्रखंड संयोजक यशवंत सिंह ठाकुर की उपस्थिति रही।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने सीएम राइज विद्यालय का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्थानीय सीएम राइज शासकीय उमावि जावर में जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर संजय सिंह तोमर और विकास खंड शिक्षा अधिकारी आष्टा अजब सिंह राजपूत द्वारा आज औचक निरीक्षण किया गया।

सीएम राइज शासकीय उमावि विधायल के प्राचार्य नितिन कुमार कौशल द्वारा बताया कि आज जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर द्वारा संस्था का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान छः माही परीक्षा परिणाम का विश्लेषण भी किया गया। शैक्षिक गतिविधियों का भी आकलन किया गया।

श्री तोमर द्वारा विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति तथा जिले द्वारा जारी मॉक टेस्ट प्रश्न पत्र व निदानात्मक कक्षाओ से संचालन की भी समीक्षा की इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, मनोज गुप्ता सहित संस्था के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### बगैर निर्देशों के राजस्व विभाग के हेड 0070 में जमा करवाई गई यह राशि

# आर्थिक सहायता गबन मामले में राजस्व हेड में जमा करवाए 8 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सर्पदंश से होने वाली मृत्यु के प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत मृतक के वैध वारिसों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता मद में राजगढ़ में बड़ा गड़बड़झाला हुआ है। साल 2019-20 में राजगढ़ तहसील में हुई करीब 16 लाख की आर्थिक गड़बड़ी के इस मामले में कुछ माह पूर्व कलेक्टर द्वारा करवाई गई जांच में तत्कालीन टीओ (कोषालय अधिकारी) एवं तहसीलदार भी दोषी पाए गए थे। यह सारा गड़बड़झाला करने वाले तत्कालीन नायब नाजिर दीपक मेहर को पूर्व में ही सस्पेंड किया जा चुका है।

हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार इसी गड़बड़ी को छिपाने बगैर किसी के निर्देशों के करीब दो माह पूर्व साइबर चालान के जरिए अलग-अलग अमाउंट में 8 लाख रुपए की राशि भी जमा करवा दी गई है। यह आठ लाख की राशि साइबर चालान के जरिए राजस्व हेड 0070 में जमा करवाई गई है। संभवतः इस राशि को उन लोगों ने जमा करवाया है जो प्रत्यष, अप्रत्यष रूप से मामले के दोषी हैं। जबकि, राशि जमा करवाने को लेकर किसी तरह का पत्राचार किसी से भी नहीं किया गया है। ऐसे में इस राशि को जमा करवाने के पीछे उन अधिकारियों का भी हाथ हो सकता है जो बाद में करवाई गई जांच में दोषी पाए गए हैं।

#### एफआईआर के लिए तहसील से थाने नहीं पहुंचा प्रतिवेदन

16 लाख के गबन के इस मामले में मुख्य भूमिका में रहे सस्पेंडेड नायब नाजिर दीपक मेहर पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तहसील कार्यालय से राजगढ़ कोतवाली थाने में प्रतिवेदन, आवेदन भेजा गया था। इस प्रतिवेदन में कुछ दस्तावेजों की कमी थी। ऐसे में कोतवाली थाने से पुनः तहसील कार्यालय को उसे भिजवा दिया गया ताकि दस्तावेजों की कमी पूर्ण करके उसे फिर से थाने भिजवाया जा सके। लेकिन, दोषी पर एफआईआर के लिए दस्तावेजों की कमी पूरी करके पुनः प्रकरण को थाने नहीं भिजवाया गया है।

#### मुख्य आरोपी के अलावा जो अन्य दोषी वे जमा करवा रहे हैं राशि


हद है... एफआईआर के लिए तहसील और थाने के बीच घूम रहा प्रतिवेदन!

आर्थिक सहायता में हुए 16 लाख के घोटाले का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पानी में डूबने से हुई मृत्यु के मामलों में शासन से दी जाने वाली आर्थिक सहायता मद में राजगढ़ तहसील में हुए 16 लाख का घोटाला सामने आया था। घोटाले में दोषी पाए गए कर्मचारी को सस्पेंड तो कर दिया गया लेकिन संबंधित पर अभी तक थाने में आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

दरअसल, 16 लाख की आर्थिक गड़बड़ी के इस गंभीर मामले में कलेक्टर के निर्देशों पर भी निलंबित किए कर्मचारी दीपक मेहर पर एफआईआर नहीं हो पा रही है। राजगढ़ तहसील से कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करने हेतु भेजे गए जांच प्रतिवेदन में कुछ दस्तावेजों की कमी थी। इसलिए कोतवाली ने इस प्रतिवेदन को पुनः तहसील पहुंचाया। ताकि, सभी आवश्यक दस्तावेज प्रतिवेदन के साथ सलग्न हो सकें। लेकिन तहसील से उक्त प्रतिवेदन में दस्तावेजों की कमी पूरी कर उसे थाने अभी तक नहीं पहुंचाया गया है।

हरिभूमि 16 Oct 2023

जांच में हुआ खुलासा, सभी की संलिप्तता से की गई 16 लाख की गड़बड़ी

16 लाख रुपए का घोटाला, तत्कालीन तहसीलदार और टीओ भी निकले दोषी

एक ही सहायता प्रकरण में 4 बार हुआ है भुगतान

राशि जमा कराने की जुगत

आपको बता दें की पूरे मामले की बाद जो जांच हुई उसमे तत्कालीन तहसीलदार, जिला कोषालय अधिकारी भी दोषी निकले थे। लेकिन, इन पर अभी तक किसी तरह की कोई कार्रवाई देखने नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार मामले में संलिप्त जन गड़बड़ी की राशि को भी पुनः शासन के खाते में जमा करवाने की जुगत में हैं, ताकि एफआईआर होने से बच सकें और मामला न्यायालय तक न पहुंचे।

मैं दिखवा लेता हूं

संबंधित कर्मचारी मेरे समय में सस्पेंड नहीं हुआ है। यह पूरा क्या मामला है, मैं दिखवा लेता हूं।

विराट अवस्थी, तहसीलदार, राजगढ़

#### 2019-20 में हुई है यह सारी वित्तीय गड़बड़ी

करनवास निवासी गीताबाई की सर्पदंश से मृत्यु हुई थी। यह साल 2019-20 की बात है। मृतिका के वारिसों को आर्थिक सहायता देने का प्रकरण राजगढ़ तहसील से बनाया गया। मृतिका गीताबाई के वैध वारिसों को 4 लाख का भुगतान भी कर दिया गया। गड़बड़ यहां से हुई कि इन्हीं गीताबाई के प्रकरण में राजगढ़ तहसील कार्यालय द्वारा 3 और प्रकरण बनाकर कोषालय में भुगतान हेतु भेजे गए और 3 अलग-अलग खातों में तीन बार 4-4 लाख की राशि ट्रांसफर की गई। यह सब तत्कालीन नायब नाजिर दीपक मेहर द्वारा किया गया। ऑडिट टीम ने गड़बड़ी पकड़ी और प्रशासन ने पूरे मामले की जांच करवाई। जांच दल ने दीपक मेहर के अलावा तत्कालीन तहसीलदार और तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी को भी दोषी माना था। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी राजगढ़ आरएल गोलिया का कहना है कि जो दोषी थे उन्होंने ही चालान द्वारा राशि जमा करवाई है।

# भोपाल जेल में बंद आरोपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनाई सजा

### आदतन अपराधी को छेड़छाड़ मामले में हुई 7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिला न्यायालय में पदस्थ तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अब्दुल कदीर मंसूरी ने नाबालिग से छेड़खानी मामले में आरोपी को 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। चूंकि, आरोपी पूर्व से भोपाल सेंट्रल जेल में बंद है ऐसे में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए उसे यह सजा सुनाई गई।

#### क्या था पूरा मामला

जिला लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 11 जनवरी 2022 को पीड़िता बाजार गई थी। तब अभियुक्त ने पीड़िता बालिका को अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी की। बालिका ने किसी तरह अपने को छुड़ाया और घर जाकर माता-पिता को पूरी बात बताई। पीड़िता द्वारा माता-पिता के साथ ब्यावरा सिटी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसी अभियुक्त ने पीड़िता के साथ एक अन्य अपराध भी पूर्व में घटित किया था। इसके अतिरिक्त आरोपी का पहले से आपराधिक रिकार्ड है और दो, तीन अन्य बालिकाओं से भी इसी तरह की हरकतें कर चुका था जिसके चलते वो भोपाल जेल में बंद है। अब इस मामले में अभियोजन के साक्ष्यों एवं तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में 7 साल की सजा और सुनाई है। आरोपी को यह सजा वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए सुनाई गई।

## छापी बांध में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**जीरापुर।** मंगलवार सुबह छापी बांध में नहाने गए 25 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से डूबे युवक का शव बाहर निकाला। जैसे ही बांध में युवक के डुबने की खबर लोगों को लगी भारी भीड बांध के घाट के आसपास जमा हो गई। मिली जानकारी अनुसार सुबह 7 बजे कुशवाह मोहल्ला निवासी राकेश पिता कन्हैयालाल कुशवाह उम्र 25 साल छापी बांध पर नहाने गया था इस बीच युवक अपने कपड़े घाट पर रखकर डेम में नहा रहा था कि इसी दौरान डेम में पडी जाली युवक के गले में उलझ गई जिसके कारण युवक गहरे में पानी में डुब गया इस बीच डेम पर पहुंचे अन्य लोगों ने बांध में युवक के डुबने की खबर दी। जैसे युवक के डुबने की खबर पुलिस व अन्य लोगों को पता चली छापी बांध पर लोगों की भारी भीड लग गई। स्थानीय लोगों ने युवक को डेम में तलाशने में जुट गए। करीब तीन घंटे की मशक्कत के उपरांत युवक को बाहर निकाल कर सीविल अस्पताल लाया गया, जहा डाक्टरों ने परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# मांस, अंडे की अवैध दुकानों पर नगर परिषद पानखेड़ी ने की कार्रवाई

### धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्र भी उतारे जा रहे



**कालापीपल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जारी आदेश के बाद नगर परिषद पानखेड़ी में अवैध रूप से संचालित मांस, मछली व अंडे की दुकानों पर कार्रवाई करते हुए दर्जनभर से अधिक दुकानदारों को नोटिस देकर हिदायत दी गई। कार्रवाई की भनक लगते ही अवैध संचालित दुकानदारों में भगदड़ मच गई। नगर परिषद सीएमओ प्रवीण गंगवाल ने दुकानदारों को बताया कि अब सभी दुकानदारों के पास लाइसेंस होना चाहिए और शासन की गाइडलाइन के हिसाब से ही अब आपको दुकान संचालित करना है।

प्रशासन के निर्देश पर नगर के धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर, सायरन आदि ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों ने संबधित धर्मगुरु और वहां के प्रमुख लोगों को प्रदेश सरकार के नियम का हवाला देते धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर, सायरन जैसे ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने की बात कही थी, जिसके बाद सभी ने स्वेच्छा से उन्हे हटाने का आश्वासन दिया।

### बाबा अलमस्त की समाधि पर कलाकारों का लग रहा मजमा, श्रवण करने पहुंच रहे श्रोता

# क्या भरोसा इस जिंदगी का, साथ देती नहीं ये किसी का...!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

बाबा अलमस्त नाथ महाराज की समाधि पर चल रहे अखंड भजन सप्ताह में बाल कलाकार भी लोगों का मन मोह रहे हैं। हरमोनिया की सुरीली आवाज, ढोलक की थाप और मंजीरों की झंकार के बीच भजनों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। वाद्ययंत्रों के जिले के इस सबसे बड़े आयोजन में बाल कलाकर अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। क्या भरोसा है इस जिंदगी का, साथ देती नहीं यह किसी का....! वृंदावन जाउंगी सखी री लौट के न आउंगी, मुझे लगी विरह की पीर सखी वृंदावन जाउंगी....! सहित गुरू महाराज द्वारा लिखित भजन की स्वर लहरियां श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। नगर के इंदौर नाका क्षेत्र स्थित मीना समाज धर्मषाला परिसर में समाधिस्थ बाबा अलमस्तनाथ जी महाराज की समाधि पर अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह का 63 वॉ महोत्सव सोमवार से विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच शुरू हुआ। भजन-कीर्तन के दूसरे दिवस नगरीय एवं ग्रामीण अंचल के कलाकारों द्वारा समां बांधा जा रहा हैं। दिनभर और रातभर कलाकारों एवं भगतों का यहां आना जाना बना हुआ हैं।

#### अन्य जिलों के कलाकार भी पहुंच रहे

अखण्ड भजन सप्ताह में जिले के अलावा अन्य जिला गुना, विदिषा, रतलाम के अलावा राजस्थान के कलाकार भी यहां पर आकर अपने भजनों की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। निरंतर चलने वाली भजन कीर्तन की धुन में रात के समय कई जगह के कलाकार यहां आकर भजन पेष करते हैं। 25 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में 24 घण्टे हारमोनियम, ढोलक, मंजीरों की छम-छम के साथ भजन कीर्तन चल रही हैं। मीना समाज के तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन के बारे में व्यवस्थापक एवं धर्मषाला अध्यक्ष रामगोपाल मीना नेताजी और बाबा के सेवक ओम वर्मा ने बताया कि प्रदेषभर के अलावा राजस्थान से भी कलाकार भजन पेष करने आते हैं। श्रद्वा और सेवाभाव के साथ आने वाले कलाकार



अपनी छटा बिखेर रहे हैं। सभी कलाकारों एवं श्रोताओं के ठहरने, भोजन सहित अन्य व्यस्थाएं समिति द्वारा की जा रही है।

#### पूजा पाठ से शुरुआत की

पंडित मोहनलाल नागर, पंडित सतीष नागर और पुजारी बालकिषन बैरागी द्वारा पूजापाठ, आरती के साथ कार्यक्रम शुरू कराया। इसमें धर्मषाला अध्यक्ष रामगोपाल मीना नेताजी, ओम वर्मा, गजराजसिंह मीना, सुनील सक्सेना, भानू मीना, डॉ. रामबाबू मीना सहित अन्य लोगों की सहभागिता रही।

### कार सवार के बारे में पता नहीं

## हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त मिली कार, गेट पर लगा था खून



**खिलचीपुर।** मंगलवार को ओकारश्वर मंदिर के हाइवे बायपास जोड़ के पास एक लावारिस कार दुर्घटनाग्रस्त मिली है। ऐसा बताया जा रहा है कि कार सोमवार रात को हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। घटना देखने के बाद ऐसा लगा कि कार तेज रफ्तार से राजस्थान की तरफ से आ रही थी। इस दौरान कार को किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मारी या फिर अनियंत्रित होकर खिलचीपुर के ओंकारेश्वर मंदिर के पास हाइवे बायपास पर तेज रफ्तार के साथ सड़क से नीचे उतर कर जा गिरी। वहीं मैदान में कार के टूटे हुए पाट्‌र्स पड़े है। इस घटना में कार की स्पीड इतनी तेज थी कि कार के दो टायर तक टूट गए हैं। कार में नम्बर प्लेट भी नही है व कार के गेट पर खून लगा हुआ है। इस संबंध में खिलचीपुर थाना प्रभारी प्रभात गौड का कहना है कि मुझे पता नहीं जांच करवाते हैं।

## एनक्वॉस में हिरनखेड़ी और ब्यावराकलां स्वास्थ्य संस्थाओं का चयन, दोनों संस्थाओं को मिलेगा स्पेशल फंड

### राष्ट्रीय दल के निरीक्षण में उत्तम दर्जे की मिली थी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की दो स्वास्थ्य संस्थाओं को एनक्वॉस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड) का दर्जा प्राप्त हुआ है। इन संस्थाओं में राजगढ़ ब्लॉक के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर हिरनखेड़ी और खिलचीपुर ब्लॉक के ब्यावराकलां शामिल हैं। अब इन दोनों स्वास्थ्य संस्थाओं को स्पेशल फंड मिलेगा, जिसका उपयोग मरीजों को उच्च स्तरीय सेवाएं देने में किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिया ने बताया कि 22 सिंतबर 2023 को



राष्ट्रीय स्वास्थ्य दल द्वारा जिले का भ्रमण किया गया था। इसमें पहले से चिन्हित जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों का भ्रमण कर वहां मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का दल ने सूक्ष्मता से निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। दो सदस्यीय इस दल में डॉ पंकज तलरेजा और डॉ एलिजाबेथ द्वारा चॉकलिस्ट में एनक्वॉस के आठ मुख्य एरिया आफ कंसर्न का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण निरीक्षण में हिरनखेड़ी एवं ब्यावराकलां संस्थाओं को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं और सुविधाओं के साथ-साथ साफ-सफाई, रिकार्ड कीपिंग में सर्वोत्तम पाया गया। इन संस्थाओं की सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से विभिन्न स्वास्थ्य बिंदुओं पर प्रश्न भी किए गए व उनके कार्यों की प्रशंसा हुई थी।

### एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित

## पहले मारपीट की अब गांव में नहीं घुसने दे रहे आरोपी



**राजगढ़।** भोजपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम झलामाड़िया निवासी देवीसिंह तंवर और परिजनों के साथ गत दिवस गांव के जगन्नाथ पिता कनीराम तंवर, बंशीलाल पिता कंवरलाल तंवर, जगदीश पिता पन्नालाल तंवर, बनेसिंह पिता जगन्नाथ तंवर एवं रामबाबू पिता बनेसिंह तंवर ने पिंडावले में आगे लगाने की बात लाठी, डंडों से मारपीट की थी। इस मारपीट में देवीसिंह सहित उनके पिता बद्रीलाल, पत्नी ललताबाई, भाई बंकट एवं तूफान घायल हो गए। पीड़ितों ने बताया कि आरोपियों द्वारा डंडे और लोहे की रॉड से उन्हें मारा है। बाद में ये सभी फरियादी थाने पहुंचे जहां पुलिस ने आरोपियों पर धारा 294, 323, 506, 427 के तहत प्रकरण भी दर्ज कर लिया। ये सभी पीड़ित मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां इन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले जगन्नाथ, बंषीलाल, जगदीश, बनेसिंह और रामबाबू को पुलिस ने नहीं पकड़ा इसलिए वे उन्हें फिर मारने के लिए घूम रहे हैं और गांव में भी न घुसने की धमकी दी है। फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए न्याय दिलवाने की मांग की है।

## भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**सारंगपुर।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए 10 वाहन मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी के चल रहे हैं। प्रतिदिन 20 पंचायत में योजनाओं का प्रचार प्रसार कर वंचित हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी निर्मल जैन ने बताया कि 16 दिसंबर को राजगढ़ से जिले के सांसद रोडमल नागर एवं जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित, जिला नोडल अधिकारी सीईओ अक्षय, विधायक अमर सिंह यादव यादव,विधायक गौतम टेटवाल,विधायक हजारीलाल दांगी,विधायक मोहन शर्मा, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिला प्रभारी निर्मल जैन ने हरी झंडी दिखाकर गंतव्य की और रवाना की। रविवार को जिले की पांचो विधानसभा की 20 पंचायत में यह यात्रा पहुंची जिसमे जिले के विधायकों तथा भाजपा पदाधिकारीयों के साथ अपेक्षित अधिकारियों ने भाग लिया। सारंगपुर विधानसभा के देवलीमान पंचायत में विधायक गौतम टेटवाल, जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला यात्रा प्रभारी निर्मल जैन,जिलामंत्री कैलाश नागर, मंडल अध्यक्ष घनश्याम नागर, उपेंद्र छावरी आदि ने भाग लिया।

### जीवात्मा 84 लाख योनियों में भटकने के बाद मनुष्य का जन्म पाती है

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से समस्त पापों का नाश और होती है मोक्ष की प्राप्ति : देवकीनंदन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

श्रीमद् भागवत कथा देवकीनंदन ठाकुर के मुखारविंद से कृषि उपज मंडी प्रांगण छापीहेड़ा आयोजन कर्ता द्वारका प्रसाद टॉक मंगलवार को कथा के तीसरे दिन सर्वप्रथम श्रीमद् भागवत आरती पूरे टॉक परिवार द्वारा की गई। कथा पंडाल में सभी भक्तों ने आरती का सार्थक रूप से आनंद उठाया। इसके पश्चात कथा पंडाल में अत्यधिक महिलाओं के साथ-साथ बच्चे युवा पुरुषों बुजुर्गों सभी भक्तों की अपार जनसंख्या देखने को मिली।

मनुष्य को अपने इस जीवन मैं कथा सुननी चाहिए ताकि मनुष्य जीवन 84 लाख योनियों में भटकने से छूट जाता है मोक्ष प्राप्त होता है। कथा 7 दिन में मनुष्य का कल्याण कर देती है मात्र 7 दिन में जो मनुष्य श्रद्धा से श्रीमद् भागवत कथा सुनता है फिर वह व्यक्ति संसार मैं किसी भी वास्तु की अपेक्षा नहीं रखता। जहां भी सत्संग हो संतों के संग में मनुष्य को बैठना चाहिए और मन को साधु संत के द्वारा कही वाणी वचनों में लगा दो क्योंकि भगवान अदृश्य शक्ति है जो श्रीमद् भागवत कथा सुनने से पहचाने जा सकते हैं। सत्संग में जाते हैं तो भगवान की कथा सुनाते है भगवान की कथा सुनने का लाभ क्या होता है हमारे मन रूपी लोहे को भगवान की कथा रूपी चुंबक अपने आप खींच लेती है जब वह खिंच जाता है तब वह भगवान के चरणों में परमानेंट समर्पित हो जाता है फिर उस मनुष्य का कल्याण हो जाता है सबसे बड़े दुख की बात तो यह है की अजमेर शरीफ जितने हिंदू जाते हैं उतने तो वह भी नहीं जाते मैं उन से कहना चाहता हूं की अजमेर शरीफ की हिस्ट्री तो पढ़ो उसने तुम्हारी बहन बेटियों के साथ क्या किया पढ़ो उसने तुम्हारे



पूर्वजों के साथ क्या किया और तुम उस पर चद्दर चढ़ाने जाते हो मैं चादर चढ़ाने के अगेंस्ट नहीं हूं जिन्हें चादर चढ़ाने के लिए पैदा किया है वे चादर चढ़ाए और जिन्हें सिंदूर चढ़ाने के लिए पैदा किया है। वह सिंदूर चढ़ाए तकलीफ वहां होती है जब सिंदूर चढ़ाने वाला चादर चढ़ाता है और फिर तब उन्हीं की बहन बेटियों के साथ गलत होता है फिर खून के आंसू रोते हैं। इसलिए तो कहता हूं फिर पछतावे होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत फिर क्या फायदा कोई फायदा नहीं मैं तो कहता हूं सनातनियों तुम्हें पीर पर चादर चढ़ाने के लिए पैदा नहीं किया भगवान ने तुम्हें तो महावीर पै सिंदूर चढ़ाने के लिए पैदा किया है भगवान से मांग कर तो देखो ऐसी कौन सी वस्तु है जो तुम्हें श्री राम श्री कृष्ण हनुमान नहीं दे सकते हर संकट कट जाता है। भगवान का सुमिरन करने मात्र से संकट कटे मिटे सब पीरा जो सुमिरे हनुमत बलबीरा आज 500 वर्षों के बाद रामलला जनवरी माह में भव्य मंदिर में विराजमान होंगे रामलला की तैयारी तो पूरी हो गई अब श्री कृष्ण की तैयारी करना है।